वृहद स्तर पर लॉन्च की गई ‘उड़ान योजना’

चर्चा में क्यों?

19 दसिंबर, 2021 को राज्य सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मुख्यमंत्री नविास से ‘आई एम शक्ति उड़ान योजना’, ‘जागृति-बैक टू वर्क योजना’तथा प्रदेश में झुंझुनू, चूरू, बूंदी एवं हनुमानगढ़ ज़लिों में नवनर्मिति ‘सखी वन स्टॉप सेंटर’का लोकार्पण कयिा गया।

प्रमुख बदिु

- इस अवसर पर महलिा एवं बाल वकिास मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि इस योजना से राजस्थान की 1 करोड़ 20 लाख महलिाओं को आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से जोड़कर लाभान्वति कयिा जाएगा।
- इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य की हर कशिोरी और महलिा तक नशि्लुक सेनेटरी नेपकनि पहुँचाया जाएगा। हर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र से कशिोरयिाँ अपनी सेल्फ हाइजीन के लयिे इस योजना का लाभ ले पाएंगी। महलिा एवं बाल वकिास वभिाग को इस योजना को संचालति करने की जम्मिेदारी सौंपी गई है।
- मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि मुख्यमंत्री की स्वच्छ और स्वस्थ राजस्थान व नरिोगी राजस्थान की संकल्पना का सपना साकार करने की कड़ी में महलिाओं को स्वच्छता व स्वास्थ्य के दृष्टकिोण से आगे बढ़ाने का काम उड़ान योजना के माध्यम से कयिा जाएगा। उन्होंने बताया कि इतने बड़े स्तर पर यह देश में राजस्थान की अपने आप में एक अनूठी पहल है।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान में महलिाओं के लयिे स्वास्थ्य जागरूकता एवं नःिशुल्क सेनेटरी वतिरण हेतु वति्तीय वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा में वर्णति **‘Health** एवं **Hygiene’** को ध्यान में रखते हुए छात्राओं एवं कशिोरयिों को सेनेटरी नैपकनि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब इसका दायरा बढ़ाते हुए सभी महलिाओं को, आवश्यकतानुसार यह सुवधिा ‘मुख्यमंत्री नःिशुल्क दवा योजना’के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी।
- वशिेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ घूंघट प्रथा भी है तथा महलिाएँ अपनी ऐसी समस्याएँ कसिी से संकोचवश कह नहीं पाती हैं व इस कारण अनेक रोगों से ग्रसति हो जाती हैं तथा उन्हें समय पर इलाज भी नसीब नहीं होता। अत: महलिा **SHG,** सामाजकि संस्थाओं एवं **NGOs** के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी वशिेष जागरूकता अभयिान चलाकर सेनेटरी नैपकनि का वतिरण करवाया जाएगा।
- इस हेतु इन संगठनों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावति है। इसकी अनुपालना में वभिाग द्वारा आई एम शक्ति उड़ान योजना बनाई गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udan-yojana-launched-on-a-large-scale